अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाई गई 131 वी अंबेडकर जयंती

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी की प्रेरणा से भारत रत्न व भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की स्मृति में उनकी 131 वी जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय उप-प्राचार्य श्रीमती कमाल टंडन ने प्रथम कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया व उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होने व अन्य प्राध्यापकगणों व विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि दी। उन्होने ने वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा और बताया कि बाबा साहेब ने अपना सारा जीवन दलित ,पिछड़े वंचित समाज को सशक्त करने में व उनके उत्थान के लिए लगा दिया। उन्होंने समाज में सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में आजीवन संघर्ष किया। उनके जन्म दिवस को समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता हैं।

इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. रितु, डॉ. सुप्रिया ढांडा, कुमारी उदिता कुंडु व अंग्रेजी विभाग के प्रवक्ता श्री सुभाष उपस्थित थे। यह कार्यक्रम पुस्तकालय विभाग व राजनीतिक शास्त्र विभाग के द्वारा संपन्न किया गया।